








# 4

# अनुवाद

# Translation

11132CH04

© NCERT not to be republished

## I. अनुवाद – एक संक्षिप्त परिचय

- अनुवाद की भूमिका और प्रासंगिकता
- अनुवाद की संभावनाएँ

## II. अनुवाद के विविध रूप

- अनुवाद के अलग-अलग रूपों का एक संक्षिप्त परिचय

## I. *Introducing Translation*

- *Role and Relevance of Translation*
- *Scope of Translation*

## II. *Types of Translation*

- *Introduction to Different Types of Translation*



© NCERT not to be republished

## अनुवाद से रू-ब-रू

अनुवाद करना एक सृजनात्मक प्रक्रिया है।

1. भाषा को जानें
   - कक्षा के तीन-चार बच्चे अपनी मातृभाषा, बोली (हिंदी/अंग्रेज़ी के अतिरिक्त) में कुछ कहेंगे।
   - कक्षा के अन्य बच्चे अनुमान से बताएँगे कि वे क्या कह रहे हैं।

2. बातचीत कर जानें
   - अनुमान कैसे लगाया? (किसी शब्द से/ हाव-भाव से)
   - अनुवाद की क्या आवश्यकता थी?
   - कहाँ-कहाँ अनुवाद अनिवार्य हो जाता है?

3. चर्चा कीजिए
   - 'बहुभाषिकता एक संसाधन है'।

## कलम रुकती नहीं ...

*मनुष्य नश्वर है। विचार भी क्षणिक हैं। जिस तरह विकास के लिए पौधे सिंचाई माँगते हैं, विचार भी फैलाव माँगते हैं। इसके अभाव में दोनों ही मुरझाकर खत्म हो जाएँगे।*

*– बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर*

*(संघर्ष जीवन और व्यक्तित्व की कसौटी है। उस कसौटी पर खरा उतरने वाला जीवन और व्यक्तित्व यदि नैतिकता से आबद्ध हो तो उसकी पराजय असंभव है। यदि पराजय होगी भी तो क्षणिक ही। ऐसे में डा. आंबेडकर (1891-1956) का जीवन और व्यक्तित्व हर कसौटी के कर्कश पत्थरों से होकर गुज़रा है और वह खरा उतरकर और भी निखरा। संघर्ष ही इनके जीवन का पर्याय बना। जीवन भर अन्याय तथा अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। वे उन सभी की आवाज़ बने जो कमज़ोर, अनपढ़, शोषित, उत्पीड़ित तथा उपेक्षित थे। उनका मुख्य लक्ष्य था कि सभी स्त्री-पुरुषों को मौलिक और मानवीय अधिकार मिलें, क्योंकि सभी समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के हकदार हैं। वे वास्तव में अद्भुत क्रांतिकारी, सच्चे देशभक्त और उत्कृष्ट मानवतावादी थे।)*

© NCERT not to be republished

*मेरा सारा लेखन बांग्ला में है पर उनके हिंदी अनुवाद छपने के बाद ही मैं भारतीय लेखिका बन पाई। हिंदी में किताबों के छपते ही मैं भारत के कोने-कोने में जानी गई।*

–महाश्वेता देवी

*प्रत्येक नयी भाषा तुम में नयी आत्मा जोड़ती है।*

–चेक कहावत




## I. अनुवाद – एक संक्षिप्त परिचय

शाश्वत उत्सुकता, जिज्ञासा मानवता की सबसे बड़ी विशेषता है। दूसरों के बारे में जानना, उन्हें समझना और इस तरह दूसरों के 'दूसरेपन' को दूर कर देना। मानव इतिहास लोगों द्वारा भौगोलिक, सांस्कृतिक सीमाओं को लाँघने की कहानियों से भरा है। व्यापारी, यात्री, तीर्थयात्री, मिशनरी, सैलानी हमेशा एक जगह से दूसरी जगह जाते रहे और लोगों से संपर्क, संवाद करते रहे। औरों को जानने और संवाद करने का अर्थ है – उनकी भाषा को जानना, उस माध्यम को जानना जिसमें वे बोलते, लिखते और अपनी दुनिया की व्याख्या करते हैं। और यहीं अनुवाद के सौंदर्य और हमारे जीवन में उसके महत्त्व का अंदाज़ लग जाता है। जैसे ही हम दूसरी भाषा सीखते हैं, दूसरों के साथ विचारों - भावनाओं का आदान-प्रदान करते हैं और इन सारे अनुभवों को अपनी भाषा में लिखते हैं, व्यक्त करते हैं तभी एक सृजनशील/सकारात्मक प्रक्रिया की शुरुआत हो जाती है। एक तरफ़ हमारी दूरियाँ कम होने लगती हैं, दूसरी तरफ़ हमारा दायरा विस्तृत होने लगता है। अनुवाद की प्रक्रिया वास्तव में हमारे दायरे को बढ़ाती है, मानवता को संपन्न करती है और विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद कायम करती है। अनुवाद को ही इस बात का श्रेय जाता है कि आज राजस्थान में बैठा व्यक्ति सुब्रह्मण्य भारती को राजस्थानी में, बिहार के एक गाँव का विद्यार्थी शेक्सपियर को हिंदी में पढ़ता है, एक फ्रांसीसी या जर्मन धर्मशास्त्र का विद्वान/दार्शनिक भारतीय धर्म ग्रंथों का अध्ययन करता है या दोस्तोव्स्की, फ्रांज काफ्का, कार्ल मार्क्स हमारे घरेलू

© NCERT not to be republished

ज़िंदगी का हिस्सा बन जाते हैं। क्या होता? कल्पना करिए कि अगर टॉलस्टॉय सिर्फ़ रूस तक सीमित रह जाते या रवींद्रनाथ ठाकुर सिर्फ़ बंगाल तक! कहने का मतलब है कि अनुवाद की सुंदर मानवीय प्रक्रिया के ज़रिये हम और भी संपन्न, संवेदनशील और सृजनात्मक बनने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। अनुवाद के ज़रिये हम एक भाषा की बात को दूसरी भाषा में उतार देते हैं या ले जाते हैं। बात तो कमोबेश वही रहती है, भाषा बदल जाती है। इस तरह अनुवाद दो भाषाओं का खेल है। अनुवाद करते समय हम दो भाषाओं का प्रयोग एक साथ करते हैं।




अनुवाद वास्तव में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को चरितार्थ करता है। यह हमारी भाषा का विस्तार करता है, भाषा की भंगिमा को बदलता है। आरंभिक काल से अनुवाद के माध्यम से ही भूमंडलीकरण की प्रक्रिया आरंभ हुई। छोटी से छोटी भाषा यानी जो भाषा बहुत कम लोगों द्वारा बोली जाती है, उस भाषा की किसी कृति का अनुवाद जब दुनिया की अनेक बड़ी भाषाओं में होता है यानी उन भाषाओं में जो बड़ी संख्या में लोग बोलते हैं तो स्वाभाविक रूप से मानव समाज का जनतांत्रीकरण होता है। जैसे बहुत कम लोगों द्वारा बोली जाने वाली अबार भाषा की कृति मेरा दागिस्तान, (रसूल हमज़ातोव) जिसके पाठक दुनिया भर के लोग हैं। इसी तरह भारत में संथाली भाषा की कोई कृति जब पूरे देश में अनूदित होती है तो इससे बड़े स्तर पर जनतांत्रीकरण होता है।




***संथाली से हिंदी में रूपांतरित कृति***

## *अनुवाद क्या है*

अनुवाद का अर्थ एक भाषा के कथ्य को (किसी भाषा में कथित या लिखित को) किसी दूसरी भाषा में कहना या लिखना होता है। पहली भाषा को **मूल भाषा** और दूसरी को **लक्ष्य भाषा** कहते हैं। ये दोनों शब्द अंग्रेज़ी के Source Language और Target Language के अनुवाद ही हैं। अनुवाद के लिए **तर्ज़ुमा, रूपांतर** और **भाषांतर** शब्द भी प्रचलित हैं। किसी एक भाषा की मूल रचना को केवल अन्य लिपि में प्रस्तुत कर देने को **लिप्यांतरण** कहते हैं। कन्नड के संत कवि वसवेश्वर की पंक्तियों का लिप्यांतरण और उसके तीन भाषाई अनुवाद को देखिए –

*उळ्ळवरू शिवालयव माडुवरु*
*नानेनु माडुवे? बनवनय्या*
*ऐन्नाकालेकम्भ, देहवे देगुल*
*सिर होन्न कळसवय्या*
*कुडल संगमदेव, केळय्या:*
*स्थावर क्कळिवुंडु*
*जंगम क्कळिविल्ला*

*(लिप्यांतरण)*



© NCERT not to be republished

गतिविधि 25 ◆ Activity 25




*अपनी मातृभाषा में पढ़ी और सुनी अलग-अलग अनूदित रचनाओं (4 - 5) की सूची बनाकर पोर्टफ़ोलियो में लगाइए और साथ ही कक्षा में एक-दूसरे की रचनाओं को मिलाकर एक बड़ी सूची भी बनाइए।*



*Make a list of 4-5 translated texts from your mother tongue that you have read or are familiar with. Compile these for your portfolio. Now share it with the class to make a comprehensive list.*

*धनिको बांधशे शिवालयों,*
*हु शुं बंधावु? गरीब माणस*
*पग मारा स्तंभो छे,*
*देह मारूँ देवळ छे,*
*माथुं मंदिर नो कळश छे*
*कुडल संगमदेव सांभळो;*
*स्थावरनो नाश थशे,*
*जंगम तो अक्षय रहेशे*

*(गुजराती अनुवाद)*

*(धनवान बनवाएँगे शिवाले*
*मैं क्या बनवाऊँ? मैं ठहरा गरीब!*
*पैर मेरे स्तंभ हैं,*
*और देह है, मेरी देवल*
*सिर मंदिर का कलश है*
*कुडल संगमदेव सुनो*
*होगा स्थावर का क्षय*
*और जंगम रहेगा अक्षय।)*

*(हिंदी अनुवाद)*

*The Rich*
*Will make temples of Shiva*
*What shall I*
*A poor man*
*do?*
*My legs are pillars,*
*The body the shrine,*
*The head a cupola*
*of Gold.*
*Listen,*
*O Lord of the meeting rivers,*
*things standing shall fall,*
*but the moving*
*ever shall stay.*

*(अंग्रेज़ी अनुवाद)*

*—साभार : देवों की घाटी, भोलाभाई पटेल*

## अनुवाद की भूमिका और प्रासंगिकता



आज की दुनिया में अनुवाद की माँग और ज़रूरत दोनों बढ़ गई हैं। यह माँग बढ़ी है तो इसीलिए कि दुनिया के

Not to be republished
© NCERT

देखें गतिविधि/Activity 28 पृष्ठ 193

विभिन्न देश–प्रदेश उद्योग–व्यापार और पर्यटन के मामले में बहुत करीब आ गए हैं और एक भाषा से दूसरी भाषा में अपनी बात पहुँचाने का ज़रिया 'अनुवाद कार्य' ही तो है। जब चीनी–जापानी चीज़ों की बिक्री विश्व–बाज़ार में होती है तो उन चीज़ों के रैपर्स और पैकेट्स पर अंग्रेज़ी और दुनिया की अन्य भाषाओं में उसी चीज़ का नाम, मूल्य और उसके पैक करने की तिथि आदि लिखी होती है। इसी तरह जब कोई चीनी – जापानी – इतालवी – जर्मन – फ्रांसीसी पर्यटक दुनिया के किसी देश के भ्रमण के लिए निकलता है तो बस अपने साथ एक गाइडबुक रखता है जो उसकी अपनी भाषा में होती है। वह गाइडबुक पहले किसी एक भाषा में लिखी होती है। मान लीजिए अंग्रेज़ी में, फिर उसी गाइडबुक का अनुवाद जर्मन, फ्रांसीसी, स्पेनिश, चीनी, जापानी आदि में कर लिया जाता है। एक और उदाहरण लें, जब कोई बड़ी कंपनी आज अपने ब्रांड का विज्ञापन करती है, तो वह विज्ञापन भी पहले तो एक ही भाषा में तैयार किया जाता है, फिर दूसरी भाषाओं में उसी के आधार पर विज्ञापन तैयार किया जाता है, यह भी एक प्रकार का अनुवाद ही है। टी. वी. के परदे पर या अखबार के पन्नों पर हम एक ही विज्ञापन को हिंदी से बांग्ला या हिंदी से तमिल में अनुवाद किया हुआ पाते हैं। और यह तो आपको पता ही है कि कोई विशिष्ट लेखक या पत्रकार आज अपना कॉलम (स्तंभ) किसी एक भाषा में लिखता है, मान लीजिए अंग्रेज़ी में ही, तो वही कॉलम भारत की कई भाषाओं में अनुवाद के ज़रिये छपता है। इसे सिंडीकेटेड कॉलम (स्तंभ) कहते हैं। इस प्रकार, अनुवाद की ज़रूरत कई रूपों में कई प्रकार से है।



*दिल्ली की एक सड़क पर चार भाषाओं में लगा मार्ग-संकेत*

## अनुवाद और अनुवादक

अनुवाद करने के लिए एक से अधिक भाषाओं में समान ज्ञान ज़रूरी है। कम से कम दो भाषाएँ तो अच्छी तरह से अनुवाद करने वाले को आनी ही चाहिए। मसलन, अगर कोई अनुवादक अंग्रेज़ी, बांग्ला और हिंदी ये तीन भाषाएँ अच्छी तरह जानता है, तो वह ज़रूरत पड़ने पर तीनों भाषाओं से अनुवाद कर सकेगा – अंग्रेज़ी से बांग्ला में और अंग्रेज़ी से हिंदी में। इसी तरह वह बांग्ला से अंग्रेज़ी या हिंदी में और हिंदी से बांग्ला और अंग्रेज़ी में अनुवाद कर सकेगा। लेकिन कम से कम दो भाषाएँ तो आनी ही चाहिए, तभी अनुवाद कार्य हो सकेगा। अगर किसी को हिंदी और अंग्रेज़ी आती है तो वह हिंदी से अंग्रेज़ी में और अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद का कार्य कर सकेगा। यहीं यह जान लेना ज़रूरी है कि स्रोत भाषा के साथ ही लक्ष्य भाषा का अच्छा ज्ञान अनुवाद के लिए ज़रूरी होगा। साथ ही भारतीय भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेजी की जानकारी भी मददगार होगी क्योंकि विश्व-भर के बाज़ारों में

© NCERT not to be republished




*एक पदार्थ के विषय में आठ भाषाओं में जानकारी पर्ची*

विभिन्न ब्रांड वाली चीज़ों के नाम आज अंग्रेज़ी में यानी जिसे रोमन लिपि कहते हैं उसमें अनिवार्य रूप से लिखे रहते हैं। उस ब्रांड से संबंधित ज़रूरी जानकारी भी अंग्रेज़ी में होती है।

यहाँ इस बात को समझ लेना बेहतर रहेगा कि अनुवाद एक बहुत ही आसान सी प्रक्रिया भी नहीं है। यह सिर्फ़ एक यांत्रिक या तकनीकी प्रक्रिया भी नहीं। यह एक ऐसी भाषाई दक्षता मात्र भी नहीं जिसमें शब्द-कोशों की मदद से एक भाषा के शब्दों को दूसरी भाषा में परिणत कर देना ही काफ़ी हो। दूसरे शब्दों में, अनुवाद के लिए अधिक से अधिक संवेदनशीलता और समानुभूति की आवश्यकता होती है। **एक अच्छा अनुवाद वास्तव में एक अच्छी अभिव्यक्ति है।** अतिशयोक्ति नहीं होगी अगर हम कहें कि जिस व्यक्ति की रचना का अनुवाद किया जा रहा है, वास्तव में अनुवादक का उसके साथ एक आंतरिक संबंध बन जाता है। आज दिनोदिन इस समस्या के प्रति हम संवेदनशील होते जा रहे हैं कि अनुवाद करने के दरम्यान क्या हम वास्तव में आंतरिक संबंध/संवाद कर सकते हैं या नहीं अर्थात् दूसरों के जीवन के सूक्ष्म अनुभवों या सांस्कृतिक रुचियों पर प्रकाश कर पाते हैं या नहीं। यहाँ कहने का उद्देश्य यह है कि हमें इस चुनौती के प्रति सजग रहना चाहिए। मज़े की बात यह है कि जब हम शुद्ध रूप से विज्ञान / तकनीकी विषयों / व्यापार संबंधी दस्तावेज़ों का अनुवाद कर रहे होते हैं तो इसकी अपेक्षाएँ दूसरी होती हैं यानी सावधानी के साथ तथ्यों को लक्ष्य भाषा में पहुँचाना। पर साहित्य, महाकाव्य या दर्शन आदि का अनुवाद करते हुए उससे बहुत कुछ अलग अपेक्षाएँ होंगी।

© NCERT not to be republished

## दुभाषिया और अनुवाद

अनुवाद कार्य का एक और पहलू है–इंटरप्रेट करने का। आपने देखा होगा कि किसी सभा में कोई वक्ता किसी एक भाषा में बोल रहा होता है और साथ ही साथ कोई दूसरा व्यक्ति उसकी बातों का 'अनुवाद' करता चलता है। जो यह अनुवाद कर रहा होता है उसे दुभाषिया (इंटरप्रेटर) कहते हैं। दुभाषिया अनुवाद का वह काम भी कर सकता है जो लिखित रूप से अनुवाद का हो यानी वह बोलकर अनुवाद करने के साथ, चाहने पर और वैसी योग्यता होने पर, किसी भाषा से दूसरी भाषा में किसी किताब, टिप्पणी, लेख, भाषण, खबर आदि का भी अनुवाद कर सकता है। पर, ऐसे दुभाषिए भी होते हैं जो केवल बोलकर ही अनुवाद कर पाते हैं और किसी किताब या लेख के अनुवाद का काम हाथ में नहीं लेते हैं। क्योंकि जो अनुवाद छपता है या ई–मेल के ज़रिये अन्यत्र भी भेजा जाता है या फोटोकॉपी कराके वितरित किया जाता है, उसका लिखित रूप तैयार कर पाना दोनों भाषाओं के अच्छे ज्ञान के बिना संभव नहीं होता है। इसीलिए अच्छा अनुवादक उसे ही माना जाता है जो दोनों भाषाओं के समाज में और साहित्य में जाने का भी ज्ञान रखता हो।

एक मामूली सा हिंदी वाक्य ही लें–**मुझे वहाँ जाने की ज़रूरत नहीं है**। हम अंग्रेज़ी में कहेंगे–**आई नीड नॉट गो देअर**। पर, चाहे हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कर रहे हों या अंग्रेज़ी से हिंदी में, संदर्भ के हिसाब से यानी इस हिसाब से कि किस मौके पर यह बात कही जा रही है, वाक्य का शब्द–क्रम बदला जा सकता है। मान लीजिए, यह वाक्य अंग्रेज़ी में लिखे हुए नाटक का एक पात्र संवाद के रूप में कह रहा है और जिससे कह रहा है उससे कुछ झुँझलाहट या गुस्से में यह बात कह रहा है, तो यही वाक्य कुछ इस प्रकार का भी हो सकता है–**ज़रूरत नहीं है मुझे वहाँ जाने की।** अनुवाद में संदर्भ जानने की, अवसर जानने की बड़ी ज़रूरत होती है और यह जानने की भी कि अनुवाद में कौन–से शब्द अधिक स्वाभाविक लगेंगे। मान लीजिए, कोई **आई नीड नॉट गो देअर** *(I need not go there)* का अनुवाद इस प्रकार करता है–**मुझे वहाँ जाने की आवश्यकता नहीं है** या **यह आवश्यक नहीं है कि मैं वहाँ जाऊँ**, तो यह गलत नहीं होगा, बल्कि हो सकता है किसी संदर्भ में यह अधिक ठीक लगे। मसलन, अगर एक संस्कृत शिक्षक यह संवाद किसी नाटक में या अन्यत्र कर रहा हो, तो वहाँ यही अधिक स्वाभाविक लगेगा कि वह कहे कि **मुझे वहाँ जाने की आवश्यकता नहीं है**। पर कहीं पर दो व्यक्ति आपस में रोज़मर्रा की बातें कर रहे हों, तो यही लिखना ज़्यादा ठीक रहेगा कि **मुझे वहाँ जाने की ज़रूरत नहीं है**। ऐसे ही ढेरों उदाहरण हम स्वयं खोज सकते हैं। मसलन 'पुष्प' शब्द को लें। हम जानते हैं कि 'पुष्प' फूल का पर्यायवाची है या पुष्प का पर्यायवाची है फूल। कुछ अन्य पर्यायवाची भी हैं इसके, जैसे 'कुसुम'। यदि हमें अंग्रेज़ी का एक वाक्य किसी नाटक, कहानी, व्याख्यान या भाषण से अनुवाद करने के लिए दिया गया है और वह वाक्य यह है–**ही वाज़ गिवेन**



© NCERT not to be republished



**अ वार्म वेल्कम एंड वाज़ प्रेजेंटेड विद अ बुके ऑफ फ्लावर्स** *(He was given a warm welcome and was presented with a bouquet of flowers)*, तो यह देखना होगा कि किसका स्वागत किया गया है और कब। तथा मौके के अनुसार, आज के समाज में 'बुके ऑफ फ्लावर्स' के लिए क्या लिखना ठीक रहेगा? मान लीजिए कोई लिखे उनका ज़ोरदार स्वागत किया गया और उन्हें पुष्प-गुच्छ या कुसुम-गुच्छ भेंट किया गया तो यह अस्वाभाविक लगेगा क्योंकि यहाँ बात सिर्फ़ 'फ्लावर' के अनुवाद की नहीं है 'बुके ऑफ फ्लावर्स' की है और यहाँ 'फ्लावर्स' का अनुवाद 'पुष्प' या 'कुसुम' न करके, हम यही लिखना चाहेंगे – **उनका ज़ोरदार स्वागत किया गया और उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया गया** या सिर्फ़ यही कि **उन्हें फूल भेंट किए गए**। इसका मतलब यह नहीं कि 'पुष्प' और 'कुसुम' का उपयोग हम कहीं करेंगे ही नहीं, वह हम ज़रूरत के अनुसार करेंगे। मसलन 'फ्लावर कम्पीटीशन' को 'पुष्प-प्रतियोगिता' लिखना ठीक रहेगा, 'फूल-प्रतियोगिता' नहीं। यही बात हम 'चिड़िया', 'पखेरू', 'पंछी', 'पक्षी' आदि शब्दों के साथ भी पाएँगे। अगर 'चिड़िया' के पानी में तैरने का संदर्भ हो तो 'पंछी' या 'पक्षी' लिखना ठीक रहेगा, 'पखेरू' नहीं। संदर्भ यदि आसमान का हो तो हम पखेरू भी लिख सकते हैं – **दो पखेरू आसमान में उड़ रहे थे**। अनुवाद करते समय ही हम अपनी भाषा में गहरे उतरते हैं और मौके के अनुसार कई शब्दों में से किसी एक शब्द को चुनते हैं। इसलिए अनुवाद एक ज़रूरी ही नहीं, दिलचस्प काम भी है।

**بول**

بول، کہ لب آزاد ہیں تیرے
بول، زباں اب تک تیری ہے

تیرا سُتواں جسم ہے تیرا
بول کہ جاں اب تک تیری ہے

دیکھ کہ آہن گر کی دُکاں میں
تُند ہیں شعلے سُرخ ہے آہن

کھُلنے لگے ہیں قُفلوں کے دہانے
پھیلا ہر اِک زنجیر کا دامن

فیض احمد فیض



*Speak, for your lips are free;*
*Speak, your tongue is still yours,*
*Your upright body is yours—*
*Speak, your life is still yours.*

*बोल के लब आज़ाद हैं तेरे;*
*बोल, ज़बाँ अब तक तेरी है,*
*तेरा सुतवाँ जिस्म है तेरा –*
*बोल, के जाँ अब तक तेरी है।*
*–फ़ैज़ अहमद फ़ैज़*

## हर रोज़ अनुवाद

यह काम तब और दिलचस्प हो उठता है जब हम पाते हैं कि हम हर रोज़ जाने-अनजाने कई तरह के अनुवाद करते हैं। अगर हम ध्यान दें तो पाएँगे कि रोज़-रोज़ के इन अनुवादों में हम कई दिलचस्प प्रयोग करते हैं। अनुवाद के




ज़रिये किसी बात को दूसरे तक अच्छी तरह पहुँचाना चाहते हैं। मान लीजिए, आपने अखबार में पढ़ा है या टी.वी. स्क्रीन पर देखा-सुना है कि **मास्टर ब्लास्टर हिट्स अ सेंचुरी** और जिसने शायद न तो अखबार पढ़ा है, न टी.वी. देखा है, वह आपसे पूछता है कि **भाई, मैच में किसने कितने रन बनाए हैं?** सबसे पहले आप कहते हैं – **सचिन ने सेंचुरी बनाई**। यहाँ आपको पता है कि 'मास्टर ब्लास्टर' तो सचिन को ही कहते हैं या फिर उसे 'लिटिल मास्टर' कहते हैं। तो जहाँ क्रिकेट के संदर्भ में 'मास्टर ब्लास्टर' या 'लिटिल मास्टर' शब्द आते हैं, उनकी जगह आप स्वयं 'सचिन तेंदुलकर' का नाम रख देते हैं।

एक और उदाहरण लें, जब हम किसी प्लेटफॉर्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं और यह एनाउंसमेंट सुनते हैं कि **मुंबई राजधानी इज़ रनिंग लेट बाई टू आवर्स**। तभी कोई ऐसा व्यक्ति जिसने या तो एनाउंसमेंट को ठीक से सुना नहीं है या उसे उतनी अंग्रेज़ी नहीं आती है कि वह एनाउंसमेंट का आशय ठीक से समझ सके, आपसे पूछ बैठता है कि मुंबई राजधानी कब आएगी, तो आप कह उठते हैं–**मुंबई राजधानी दो घंटा लेट है** या **दो घंटे बाद आएगी**। यह भी देखिए कि आजकल हम कितनी तरह से अनुवाद देखते-सुनते भी रहते हैं। हिंदी में यह सूचना प्रसारित हो रही होगी कि **मुंबई राजधानी दो घंटे की देरी से चल रही है**। फिर आप इसी का अनुवाद सुनते हैं। **मुंबई राजधानी इज़ रनिंग लेट बाई टू आवर्स**। कई स्टेशनों पर तो एनाउंसमेंट तीन भाषाओं में सुनाई पड़ता है; जैसे– हावड़ा में हिंदी, बांग्ला, अंग्रेज़ी में।

कभी जब आप चैनल बदल रहे होते हैं, तो किसी न्यूज़ चैनल पर आप अंग्रेज़ी में हेडलाइंस देखते-सुनते हैं, फिर उसी चैनल के हिंदी न्यूज़ बुलेटिन में हेडलाइंस का अनुवाद देखते-सुनते हैं। दो भाषाओं के बीच यह आवाजाही अब आम बात है। अगर कोई आपसे कहे कि **द रोड इज़ क्लोज़्ड फॉर रिपेयर** का अनुवाद कर दीजिए, तो आप तत्काल कर देंगे कि **सड़क मरम्मत के लिए बंद है**, क्योंकि आप दोनों भाषाओं में यह सूचना कई बार, कई जगह पढ़ चुके होते हैं। आज हम घर-बाज़ार में भी कई बार, कई तरह से अनुवाद कर रहे होते हैं। मान लीजिए, आप किसी सुबह अपने घर की पास वाली मार्केट में एक बैनर देखते हैं **मिठास – अ स्वीट शॉप इज़ शॉर्टली ओपनिंग इन युअर एरिया**। तो घर आकर आप


© NCERT not to be republished
2017-18




हिंदी में बताते हैं – **अरे, जल्दी ही हमारे इलाके में 'मिठास' नाम की एक मिठाई की दुकान खुलने वाली है**। यह अनुवाद आप हिंदी में इसीलिए करते हैं क्योंकि आप घर पर हिंदी में ही बोलते हैं। अगर उस मार्केट में मिठाई की दुकान पहले से मौजूद हो तो आप यह कहते हैं – **अरे, जल्दी ही हमारे इलाके में 'मिठास' नाम से मिठाई की एक और दुकान खुल रही है**। यहाँ 'और' शब्द आपने इसीलिए जोड़ा है कि आपको और घरवालों को पहले से ही यह पता है कि मिठाई की दुकान तो बाज़ार में पहले से ही है, अब एक 'और' खुलने जा रही है।

आप जिस कक्षा में होंगे उसमें संभव है बांग्ला, कन्नड या मलयालम भाषी छात्र भी हों और उनसे कभी-कभार मज़े-मज़े में आप कुछ पूछते हों कि –भई, अमुक बात को कन्नड में कैसे कहेंगे? मान लीजिए इसी बात को कि **आपने भोजन कर लिया है**, तो वह कहेगा **ऊटा माड्डिदिए**। अब आप जब चाहेंगे किसी कन्नड भाषी से यह पूछ सकेंगे 'ऊटा माड्डिदिए' और अगर किसी कन्नड़ भाषी से यह पूछना हो कि **आपका नाम क्या है** तो आप कहेंगे **निम्मा हेसरू ऐन**। इस तरह अनुवाद से भी हम किसी दूसरी भाषा के दरवाज़े अपने लिए खोल पाते हैं। पहले धीरे-धीरे और फिर तेज़ गति से, जब वह भाषा हमने ठीक से सीख ली होती है।

*देखें गतिविधि/Activity 29 पृष्ठ 195*

## *II. अनुवाद के विविध रूप*

अब तक आप समझ ही गए होंगे कि अनुवाद कई तरह का होता है या कहें कई तरह से किया जाता है। हर तरह का अनुवाद तैयारी की माँग करता है।

© NCERT not to be republished

## साहित्य

मसलन अगर किसी भाषा के साहित्य से आप अनुवाद कर रहे हैं, जैसे किसी कविता, कहानी, लेख, उपन्यास, नाटक आदि का, तो सिर्फ़ वह भाषा जानना पर्याप्त नहीं है। आपको उस भाषा के साहित्य की भी कुछ जानकारी होनी चाहिए, नहीं तो अनुवाद अच्छा नहीं होगा। बांग्ला के दो बड़े कवियों रवींद्रनाथ ठाकुर और जीवनानंद दास को ही लीजिए। दोनों ने बांग्ला में भी लिखा है। पर बांग्ला में दोनों का शब्द-चयन, वाक्य-विन्यास आदि भिन्न हैं। दोनों के काव्य-विषय भी कई बार बहुत अलग तरह के हैं। दोनों की कविता का संगीत और ध्वनियाँ भी भिन्न हैं। हमको अगर इन दोनों की कविता का अनुवाद करना हो या किसी एक का भी, तो बांग्ला भाषा के साहित्य और भाषा के विभिन्न रूपों का ज्ञान होना ज़रूरी है।

*Where the mind is without fear and the head is held high;*
*Where knowledge is free;*
*Where the world has not been broken up into fragments*
*by narrow domestic walls;*
*Where words come out from the depth of truth;*
*Where tireless striving stretches its arms*
*towards perfection;*
*Where the clear stream of reason has not lost its way*
*into the dreary desert sand of dead habit;*
*Where the mind is led forward by thee into ever widening*
*thought and action —*
*Into that heaven of freedom, my Father,*
*let my country awake.*

– *Gitanjali*, Rabindranath Tagore

चित্ত যেথা ভয়শূন্য, উচ্চ যেথা শির,
জ্ঞান যেথা মুক্ত, যেথা গৃহের প্রাচীর
আপন প্রাঙ্গণতলে দিবসশর্বরী
বসুধারে রাখে নাই খ' ক্ষুদ্র করি,
যেথা বাক্য হৃদয়ের উৎসমুখ হতে
উচ্ছ্বসিয়া উঠে, যেথা নির্বারিত স্রোতে
দেশে দেশে দিশে দিশে কর্মধারা ধায়
অজস্র সহস্রবিধ চরিতার্থতায়—

যেথা তুচ্ছ আচারের মরুবালুরাশি
বিচারের স্রোতঃপথ ফেলে নাই গ্রাসি,
পৌরুষেরে করেনি শতধা; নিত্য যেথা
তুমি সর্ব কর্ম চিন্তা আনন্দের নেতা—
নিজ হস্তে নির্দয় আঘাত করি পিতঃ,
ভারতের সেই স্বর্গে করো জাগরিত।

(১৩০৮)

*हो चित्त जहाँ भयशून्य, माथ हो उन्नत,*
*हो ज्ञान जहाँ पर मुक्त, खुला यह जग हो –*
*घर की दीवारें बनें न कोई कारा,*
*हो जहाँ सत्य ही स्रोत सभी शब्दों का,*
*हो लगन ठीक से ही सबकुछ करने की,*
*हों नहीं रूढ़ियाँ रचतीं कोई मरुस्थल –*
*पाए न सूखने इस विवेक की धारा।*
*हो सदा विचारों-कर्मों की गति फलती,*
*बातें हों सारी सोची और विचारी,*
*हे पिता! मुक्त वह स्वर्ग रचाओ हममें,*
*बस, उसी स्वर्ग में जागे देश हमारा।*

*(अनुवादक : प्रयाग शुक्ल)*

© NCERT not to be republished

*जहाँ हृदय भयरहित हो और मस्तक गौरव से ऊँचा उठा हुआ हो।*
*जहाँ ज्ञान का मार्ग निर्बाध हो।*
*जहाँ गृहों की संकीर्ण दीवारों द्वारा संसार टुकड़ों में विभाजित न हो।*
*जहाँ शब्द सत्य ही गहराई से निःसृत होते हों।*
*जहाँ अथक प्रयास पूर्णता की ओर ले जाता हो।*
*जहाँ विवेक की स्वच्छ जलधारा कुसंस्कार से शुष्क मरुस्थल में जाकर न सूख गई हो।*
*जहाँ मन तेरे मार्गदर्शन में सतत विकासोन्मुख के शुष्क मरुस्थल की ओर अग्रसर हो।*
*मेरे प्रभु! ऐसे दिव्य स्वाधीन से परिपूर्ण वातावरण में मेरा देश जाग्रत हो!*

*(अनुवादक : रमा तिवारी)*

*जहाँ चित्त भय शून्य, जहाँ सिर उन्नत*
*ज्ञान मुक्त; प्राचीर गृहों के, अक्षत*
*वसुधा का जहाँ न करके खंड-विभाजन*
*दिन-रात बनाते छोटे-छोटे आँगन;*
*प्रति हृदय-उत्स से वाक्य उच्छ्वसित होते*
*हों जहाँ, जहाँ कि अजस्र कर्म के सोते*
*अव्याहत दिशा-दिशा, देश-देश बहते*
*चरितार्थ सहस्रों-विध होते रहते;*
*धारापथ को न विचारों के, ग्रस लेती हो-*
*जहाँ तुच्छ आचारों की मरु-रेती;*
*शतधा न जहाँ पुरुषार्थ; जहाँ पर सतत्*
*सब कर्म-भाव आनंद, तुम्हारे अनुगत;*
*हे पिता, उसी स्वर्लोक* में करो जाग्रत,*
*निज-कर निर्दय ठोकर देकर, यह भारत!*

*(अनुवादक : युगजीत नवलपुरी)*

तीनों अनुवादों को ध्यान से पढ़िए। हो सके तो बांग्ला को भी देखिए और अपने बंगाली मित्रों से पूछकर उसका देवनागरी में लिप्यांतरण कीजिए। यह भी देखिए कि हिंदी और अंग्रेज़ी में कहाँ तक ठीक ढंग से ध्वनि, भाषा और कथ्य की रक्षा करते हुए अनुवाद हो पाया है। पाँच-पाँच के समूह में कक्षा में चर्चा करें कि कौन-सा अनुवाद अधिक समझ में आता है और क्यों?

* *स्वर्गलोक*

© NCERT not to be republished

नीचे एक उपन्यास-अंश दिया जा रहा है जहाँ बारिश के मौसम में गाँव की बदली हुई हरकत करती तसवीर को लेखक ने बारीकी से देखा है–

*It was raining when Rahel came back to Ayemenem. Slanting silver ropes slammed into loose earth, ploughing it up like gunfire. The old house on the hill wore its steep, gabled roof pulled over its ears like a low hat. The walls, streaked with moss, had grown soft, and bulged a little with dampness that seeped up from the ground. The wild, overgrown garden was full of the whisper and scurry of small lives. In the undergrowth, a rat snake rubbed itself against a glistening stone. Hopeful yellow bullfrogs cruised the scummy pond for mates. A drenched mongoose flashed across the leaf-strewn driveway.*

—God of Small Things, *Arundhati Roy*

*वर्षा हो रही थी जब राहेल आयमनम लौटी। तिरछी, रुपहली रस्सियाँ कच्ची मिट्टी को गोलियों की बौछार की तरह खूँदती हुई उस पर बरस रही थीं। पहाड़ी पर बने पुराने घर ने अपनी ढलवाँ, तिकोनी छत किसी नीची टोपी की तरह कानों को ढँकते हुए पहन रखी थी। दीवारें, जिन पर काई की धारियाँ थीं, नरम हो गई थीं और ज़मीन से ऊपर को चढ़ने वाली सीलन से कुछ-कुछ फूल आई थीं। जंगल बनी बेतरतीब बगिया नन्हे-नन्हे जीवों की खुसफुस और दौड़-भाग से भरी हुई थी। झाड़ियों में दुबका एक धामन अपनी देह एक चमकते हुए पत्थर से रगड़ रहा था। पीले, प्रणयाकांक्षी मेंढक काई-भरे पोखर में संगियों की तलाश करते, तैरते फिर रहे थे। एक भीगा नेवला मकान को जाने वाले, पत्तों से अटे, रास्ते पर कौंधता हुआ निकल गया।*

*–मामूली चीज़ों का देवता, अनुवादक : नीलाभ*

(क्या आप बता सकते हैं कि हिंदी अंश में मूल भाषा की रवानगी कहाँ तक व्यक्त हो पाई है?)

बहुचर्चित किताब 'एलिस इन वंडरलैंड' की जादुई दुनिया को रचने में भाषा की जादूगरी की बड़ी भूमिका रही है। उदाहरण के लिए–

*Once more she found herself in a long hall, and close to the little glass table. " Now I'll manage better this time," she said to herself, and began by taking the little golden key, and unlocking the door that led into the garden. Then she set to work nibbling at the mushroom (she had kept a piece of it in her pocket) till she was about a foot high: then she walked down the little passage — then she found herself at last in a beautiful garden, among the bright flower-beds and the cool fountains.*

*एक बार फिर उसने अपने आपको एक लंबे-से हॉल में शीशे की एक छोटी-सी मेज़ के पास खड़े पाया। "अबकी बार मैं कोई गलती नहीं करूँगी," उसने*

© NCERT not to be republished




*अपने आप से कहा। उसने सोने की चाबी उठाकर वह दरवाज़ा खोल दिया जिसमें से गुज़रकर बाग तक पहुँचा जा सकता था। तब उसने कुकुरमुत्ते को कुतरना शुरू कर दिया (उसने एक टुकड़ा अपनी जेब में बचा रखा था) और जब उसका कद एक फुट हो गया तो वह उस छोटे-से रास्ते पर चलती हुई उस सुंदर बाग में पहुँच गई– रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियों और ठंडे फव्वारों वाले बाग में।*

*–एलिस अजूबों की दुनिया में,*
*अनुवादक – कृष्ण बलदेव वैद*

*वहाँ उसने अपने आपको उसी हाल के अंदर पाया जहाँ शीशे वाली मेज़ थी। वह उसने फ़ौरन पहचान ली। वह छोटा-सा दरवाज़ा भी उसने देखा, जिसके पार वही लुभावना बाग था, जिसको देखने के लिए एलिस इतनी लालायित थी। इसके लिए कद को छोटा करना सबसे पहली ज़रूरत थी। जेब से कुकुरमुत्ते के टुकड़े उसने निकाले, उन्हें खाकर वह फिर नन्ही-मुन्ही-सी हो गई।*

*अब वह बाग में थी। वहाँ उसने देखा, तरह-तरह के फूल खिले हुए हैं, रंगों की जैसे नुमाइश हो। और उनके बीच में वह फौवारा! एलिस मारे खुशी के नाच उठी।*

*–आश्चर्य लोक में एलिस, अनुवादक : शमशेर बहादुर सिंह*

(दोनों अनुवादों में कौन-सा अनुवाद ज़्यादा अच्छा लग रहा है और क्यों? अपने साथी के साथ बैठकर पहचान कीजिए और समूह में बैठकर अपना अनुवाद करने का प्रयास कीजिए।)

## वैज्ञानिक और तकनीकी अनुवाद

इसी तरह तकनीकी अनुवाद में भी हमें तकनीकी शब्दावली की जानकारी होनी चाहिए। मसलन हम किसी संस्था के 'प्रेसिडेंट' के लिए तो 'अध्यक्ष' शब्द का प्रयोग कर सकते हैं और 'वाइस प्रेसिडेंट' के लिए 'उपाध्यक्ष' शब्द का, पर जब भारत के 'प्रेसिडेंट' या 'वाइस प्रेसिडेंट' का ज़िक्र हो तो हमें 'राष्ट्रपति' और 'उपराष्ट्रपति' ही लिखना होगा। आर्थिक मामलों या प्रशासनिक मामलों में भी तकनीकी शब्दावली का ज्ञान होना ज़रूरी है। इसलिए हमें अनुवाद करते वक्त यह ध्यान भी रखना होता है कि हम जिस चीज़ का अनुवाद कर रहे हैं, वह किस क्षेत्र की है। साहित्य का अनुवाद करने वाला, हो सकता है किसी मेडिकल बुक का अनुवाद न कर पाए। और अगर वह करता है तो फिर उसे कुछ तैयारी करनी

© NCERT not to be republished

पड़ेगी। डॉक्टरों से लेकर उस क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञों से उसे बात करनी पड़ सकती है और जो शब्दावली मान्य या प्रचलित है, उसी का सहारा उसे लेना होगा। विज्ञान के विषयों के लिए तो एक वैज्ञानिक शब्दावली ही तैयार की गई है जो उपलब्ध हो सकती है।

## अकादमिक अनुवाद

अकादमिक अनुवाद को करने के लिए आपको उन विषयों की जानकारी रखनी पड़ेगी। अन्य विषयों की तरह सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में अनुवाद पूरी दुनिया के इतिहास और समाज को जानने का बहुत बड़ा जरिया है। अमेरिका में बैठा व्यक्ति भारतीय इतिहास की या फिर हज़ारों साल पहले हड़प्पा और मोहनजोदड़ों के अवशेषों की धड़कन सुन सकता है। उदाहरण के लिए नीचे लिए गए अंश को देखिए–

**गतिविधि 26 — Activity 26**

*नीचे दिए गए दोनों अंशों ('How artefacts are identified' और 'पुरावस्तुओं की पहचान कैसे की जाती है') को ध्यान से पढ़िए। तथ्यों और सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए आप इसे अपनी भाषा में रूपांतरित कीजिए।*

*Read both the extracts given below ('How artefacts are identified' and 'पुरावस्तुओं की पहचान कैसे की जाती है') carefully. Based on the given facts and information, rewrite them in your own language.*



### *How artefacts are identified*

*Processing of food required grinding, equipment as well as vessels for mixing, blending and cooking. These were made of stone, metal and terracotta. This is an excerpt from one of the earliest reports on excavations at Mohenjodaro, the best-known Harappan site:*



> *Saddle querns... are found in considerable numbers... and they seem to have been the only means in use for grinding cereals. As a rule, they were roughly made of hard, gritty, igneous rock or sandstone and mostly show signs of hard usage. As their bases are usually convex, they must have been set in the earth or in mud to prevent their rocking. Two main types have been found: those on which another smaller stone was pushed or rolled to and fro, and others with which a second stone was used as a pounder, eventually making a large cavity in the nether stone. Querns of the former type were probably used solely for grain; the second type possibly only for pounding herbs and spices for making curries. In fact, stones of this latter type are dubbed `curry stones' by our workmen and our cook asked for one from the museum for use in the kitchen.*

(From *Ernest Mackay,* Further Excavations at Mohenjodaro, *1937*)



not to be republished © NCERT

## पुरावस्तुओं की पहचान कैसे की जाती है

*भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में अनाज पीसने के यंत्र तथा उन्हें आपस में मिलाने, मिश्रण करने तथा पकाने के लिए बरतनों की आवश्यकता थी। इन सभी को पत्थर, धातु तथा मिट्टी से बनाया जाता था। यहाँ एक महत्त्वपूर्ण हड़प्पा स्थल मोहनजोदड़ो में हुए उत्खननों पर सबसे आरंभिक रिपोर्टों में से एक रिपोर्ट से कुछ उद्धरण दिए जा रहे हैं–*

*अवतल चक्कियाँ... बड़ी संख्या में मिली हैं... और ऐसा प्रतीत होता है कि अनाज पीसने के लिए प्रयुक्त ये एकमात्र साधन थीं। साधारणत: ये चक्कियाँ स्थूलत: कठोर, कंकरीले, अग्निज अथवा बलुआ पत्थर से निर्मित थीं और आमतौर पर इनसे अत्यधिक प्रयोग के संकेत मिलते हैं। चूँकि इन चक्कियों के तल सामान्यतया उत्तल हैं, निश्चित रूप से इन्हें ज़मीन में अथवा मिट्टी में जमा कर रखा जाता होगा जिससे इन्हें हिलने से रोका जा सके। दो मुख्य प्रकार की चक्कियाँ मिली हैं। एक वे हैं जिन पर एक दूसरा छोटा पत्थर आगे-पीछे चलाया जाता था जिससे निचला पत्थर खोखला हो गया था, तथा दूसरी वे हैं जिनका प्रयोग संभवत: केवल सालन या तरी बनाने के लिए जड़ी-बूटियों तथा मसालों को कूटने के लिए किया जाता था। इन दूसरे प्रकार के पत्थरों को हमारे श्रमिकों द्वारा 'सालन पत्थर' का नाम दिया गया है तथा हमारे बावर्ची ने एक यही पत्थर रसोई में प्रयोग के लिए संग्रहालय से उधार माँगा है।*

*–अर्नेस्ट मैके, फर्दर एक्सकेवेशंस एट मोहनजोदड़ो, 1937 से उद्धृत*

ऐसा अनुवाद कई मायनों में अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। इसीलिए यहाँ अनुवादक की सृजनात्मकता इनकी रक्षा करने में है। तथ्यों की ठीक-ठीक जानकारी का होना ज़रूरी है और यह कोशिश भी होनी चाहिए कि अनूदित भाषा में उस भाषा की प्रकृति के अनुसार इसका अनुवाद किया जा सके। इसी तरह एक अन्य अंश को देखिए। अगर कोई शिक्षा की दुनिया से अपरिचित होगा तो वह इसकी ठीक प्रस्तुति नहीं कर पाएगा।

*Educational theory has ample evidence to the contrary. It is in Class I that the child's basic attitude towards school as a social institution is formed. Indeed, the first few months spent at school have a decisive role in shaping the child's will to take the school seriously as a place, which means well. Systemic inability to distinguish little children from older ones, in terms of nature and requirements, is a major obstacle to Class I reforms. Trained teachers are usually able to regurgitate the common psychological characteristics of adolescents but very few have working knowledge of how a 5-year-old thinks and imagines. The syllabus of teacher training for the primary stage is usually so generalised that trainees end up getting no clear idea about this crucial stage of the school-going child's mind. They operate on the basis of a vague notion of stages of development.*



© NCERT not to be republished

*लेकिन शिक्षाशास्त्र के सिद्धांत इसके ठीक विपरीत बात करते हैं। उनके अनुसार पहली कक्षा ही एक सामाजिक संस्था के रूप में विद्यालय के प्रति बच्चे के बुनियादी रवैये को आकार देती है। स्कूल में बीतने वाले आरंभिक महीने बच्चों के इस संकल्प को पक्का बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं कि वे विद्यालय को एक संजीदगी के साथ, एक अच्छी जगह के रूप में स्वीकार करेंगे। स्वभाव और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की दृष्टि से छोटे बच्चों और बड़े छात्रों में फ़र्क न कर पाना एक बड़ी व्यवस्थागत कमज़ोरी है जो पहली कक्षा के सुधार के रास्ते में एक बड़ी बाधा को पेश करती है। कई शिक्षित अध्यापक किशोर-छात्रों की सामान्य मनोवैज्ञानिक विशेषताओं को ज़बानी सुना सकते हैं, लेकिन इस बात का व्यावहारिक ज्ञान बहुत कम अध्यापकों में मिलता है कि पाँच साल का बच्चा किस तरह सोचता और कल्पना करता है। प्राथमिक स्तर के लिए अध्यापक प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या प्राय: इतनी सपाट होती है कि प्रशिक्षण पूरा कर लेने पर भी अध्यापक को स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों की कोमल मानसिक दशा का अंदाज़ नहीं होता।*

*–एन.सी.ई.आर.टी. न्यूज़ लेटर, कृष्ण कुमार*

(मित्रों से बातचीत कर पहचान करें कि कौन सा अंश अनुवाद है।)

**देखें गतिविधि/Activity 30 पृष्ठ 203**

## मीडिया के लिए अनुवाद

मीडिया के लिए अनुवाद में करेंट अफेयर्स की जानकारी होना बहुत लाभदायक होता है। देश-दुनिया की सभी तरह की खबरों को लेकर सजग रहना होता है, तभी अच्छा अनुवाद बन पड़ता है। अगर यह जानकारी न हो कि किस देश-प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं या कहाँ किस तरह की सैन्य गतिविधि है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में किस तरह की हलचल है, तो अचानक किसी खबर, लेख या वृत्तांत का अनुवाद करना कुछ कठिन ही होगा। वैसे तो एक अनुवादक को जितने क्षेत्रों की जानकारी हो उतना ही अच्छा रहता है, तभी उसका शब्द भंडार भी बढ़ता है और वह अपनी भाषा को रचनात्मक बना पाता है। नए प्रयोग कर पाता है। ज़रूरत के मुताबिक कुछ शब्द भी गढ़ पाता है। इसमें सबसे ज़रूरी है तथ्यों तथा वस्तुओं का हू-ब-हू रूपांतरण। कुछ भी न तो छूटे, न जोड़ा जाए।

समाचारों का अनुवाद करते हुए अक्सर सबसे बड़ी गड़बड़ी यह होती है कि अनूदित समाचार को अंग्रेज़ी के वाक्य-विन्यास और शैली में लिखने की कोशिश की जाती है। इससे वाक्य संरचना और शैली बहुत अटपटी और कठिन हो जाती है। वाक्यों का ओर-छोर उलट-पुलट जाता है। इससे हर हालत में बचने की कोशिश करनी चाहिए।



अनुवाद का सबसे महत्त्वपूर्ण सूत्र यह है कि आप जिस समाचार का अनुवाद करने जा रहे हैं, उसे ध्यान से पढ़िए। यह समझने की कोशिश कीजिए कि इस समाचार में क्या

© NCERT not to be republished




कहा गया है? कल्पना कीजिए कि अगर उस समाचार को अपने घर के किसी सदस्य या स्कूल के किसी साथी को बताना हो तो आप कैसे बताएँगे? अनुवाद का सबसे अच्छा तरीका यही है कि अनुवाद के बाद वह अनूदित भाषा का मूल समाचार लगे न कि अनूदित समाचार। ज़ाहिर है कि इसके लिए अनुवाद करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि अनूदित समाचार उस भाषा के मिज़ाज, शैली, वाक्य-विन्यास और मुहावरों में हो।

समाचारों का अनुवाद करते हुए शब्दशः या मक्खी पर मक्खी बैठाने से हर सूरत में बचना चाहिए। अनुवाद के बाद उस समाचार को उसी भाषा में लिखा हुआ समाचार लगना चाहिए। उस भाषा की स्वाभाविकता और प्रवाह को बनाए रखा जाना चाहिए। शब्द-कोश की मदद लीजिए, लेकिन इस बात का ध्यान ज़रूर रखिए कि उसके लिए सबसे उपयुक्त और अनूदित भाषा में प्रचलित शब्द कौन सा है। अन्यथा अक्सर ऐसा होता है कि शब्द-कोश की मदद से ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो न सिर्फ़ वहाँ उपयुक्त नहीं होते हैं बल्कि जिन्हें समझना अंग्रेज़ी जितना ही कठिन होता है।

कई बार कुछ तकनीकी और पारिभाषिक शब्दों के लिए उपयुक्त शब्द नहीं मिलते या संस्कृतनिष्ठ होने के कारण उतने ही कठिन होते हैं, उस स्थिति में अनुवादक की ज़िम्मेदारी और बढ़ जाती है। उसे न सिर्फ़ उपयुक्त और प्रचलित तकनीकी और पारिभाषिक शब्द खोजने की कोशिश करनी चाहिए बल्कि ज़रूरत हो तो कोष्ठक में मूल अंग्रेज़ी शब्द के साथ-साथ अलग से एक वाक्य में उसका अर्थ स्पष्ट करने की कोशिश करनी चाहिए।

## कुछ उदाहरण

अंग्रेज़ी और हिंदी की वाक्य संरचनाओं में फ़र्क होता है। अनुवाद करते हुए इसका ध्यान न रखने पर वाक्य कुछ इस तरह का बन सकता है—

मुख्यमंत्री जो वित्त मंत्री भी हैं, ने वर्ष 2005-06 का वार्षिक बजट पेश किया। वे आजकल वित्त मंत्री का कामकाज भी सँभाल रहे हैं।

इसी तरह हिंदी की वाक्य संरचना का ध्यान न रखकर अनुवाद करने पर कितनी मुश्किल हो सकती है, इसका एक उदाहरण प्रस्तुत है।

मूल अंग्रेज़ी –

*Japanese sailor Kenichi Horie, who has sailed non-stop around the world and crossed the Pacific in a solar-powered boat made of recycled aluminum, is off on his next solo adventure at sea.*

© NCERT not to be republished

***कमज़ोर अनुवाद*** – *जापानी नाविक केनेची होरी, जिन्होंने बिना रुके दुनिया का चक्कर लगाया है और बेकार अल्युमीनियम को फिर से ढालकर बनी नौका से प्रशांत महासागर को पार किया है, आज अपनी अगली समुद्री यात्रा पर निकल पड़े।*

